<u>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर</u>

क्रमांकः एफ.7 (5)(28) भर्ती 'ख' / AP / Med. Edu. / 2020–21 / 06 दिनांक : 02.04.2025

प्रेस–विज्ञप्ति

चिकित्सा शिक्षा विभाग के पदों हेतु जारी विज्ञापन संख्या 6 / 2021–22 दिनांक 27.11.2021 की भर्ती हेतु सहायक आचार्य के विज्ञापित 43 विषयों में से 28 विषयों हेतु संवीक्षा परीक्षा आयोजित की गई थी। संवीक्षा परीक्षा उपरान्त जारी विचारित सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों को समयान्तर्गत विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने पर अभ्यर्थियों को रजिस्टर्ड मोबाईल नं0 पर एस0एम0एस0 द्वारा सूचित किया गया था। इसके उपरान्त भी कई अभ्यर्थियों द्वारा विस्तृत आवेदन पत्र आयोग कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किये गये है।

अतः आदिनांक तक विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए यह निर्देशित किया जाता है कि वे आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in से विस्तृत आवेदन पत्र डाउनलोड कर ऑनलाईन शुल्क की रसीद सहित आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) की समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर सम्बन्धित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, अनुभव प्रमाण–पत्र, रिसर्च पेपर्स, जाति, मूल–निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर दिनांक 05.04.2025 तक आयोग कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। उक्त अवसर के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा।

<u>विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के विषयवार(Subjectwise) रोल नं0 की सूची आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।</u>

(रामनिवास मेहता)
सचिव